मध्यप्रदेश स्टेट इलैक्ट्रॉनिक्स डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited
(म.प्र. सरकार का उपक्रम)
(A Govt. of M.P. Undertaking)
CIN : U74210MP1983SGC002298
GSTIN : 23AABCM0089R1Z5

क्रं/MPSeDC/DeGS/2025/ 1338 दिनांक: 13/03/2025

जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी में रिक्त पदों की भर्ती - नवंबर 2024 हेतु ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की पुनः प्रक्रिया

मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी में जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक, सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक, वरिष्ठ प्रशिक्षक, प्रशिक्षक के पदों हेतु पत्र क्रं./MPSeDC/DeGS/2025/1069 दिनांक: 25/02/2025 द्वारा मेरिट लिस्ट तथा पात्र आवेदकों हेतु ऑनलाइन चॉइस फिलिंग शेड्यूल जारी किया गया था |

दिनांक 26/02/2025 से 04/03/2025 तक की गयी ऑनलाइन चॉइस फिलिंग प्रक्रिया में https://services.mp.gov.in/eservice/ पोर्टल पर तकनीकी समस्या होने के कारण जिला ई गवर्नेंस सोसायटी के भरे हुए पद भी रिक्त पदों की सूची में प्रदर्शित हुए, जिसके कारण आवेदकों द्वारा भरे हुए पदों पर भी चॉइस फिलिंग की गयी थी | अतः आवेदकों द्वारा भरी गयी चॉइस को **रद्द (cancel)** करते हुए ऑनलाइन चॉइस फिलिंग शेड्यूल पुनः जारी किया जा रहा है |

पात्र सभी आवेदकों द्वारा वेब पोर्टल https://services.mp.gov.in/eservice/ के माध्यम से दिनांक 20/03/2025 से 26/03/2025 तक पुनः ऑनलाइन चॉइस भरना अनिवार्य होगा | पुनः ऑनलाइन चॉइस नहीं भरने पर आवेदक की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी |

पूर्व में पत्र क्रं./MPSeDC/DeGS/2025/1069 दिनांक: 25/02/2025 द्वारा जारी मेरिट लिस्ट तथा चॉइस फिलिंग हेतु दिशा-निर्देश-सह-यूजर मैन्युअल यथावत रहेंगे |

(प्रबंध संचालक द्वारा अनुमोदित)

(गुरु प्रसाद)
परियोजना निदेशक